# दक्षिण पश्चिम रेलवे / SOUTH WESTERN RAILWAY
# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी प्रगामी प्रयोग-प्रसार की स्थिति

## 1. संगठनात्मक स्थिति :-

दक्षिण पश्चिम रेलवे का राजभाषा विभाग मुख्य राजभाषा अधिकारी के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। मुख्य राजभाषा अधिकारी का नामांकन महाप्रबंधक की सिफारिश से रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है। वर्तमान में श्रीमती शोभना गुप्ता, प्रधान मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर, दपरे, हुब्बल्लि इस रेलवे में मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्य कर रही हैं। मंडलों में राजभाषा के कार्य की देखरेख अपर मंडल रेल प्रबंधक व अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा कारखानों/निर्माण संगठन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा की जाती है। प्रधान कार्यालय, मंडलों, कारखानों एवं निर्माण संगठन में मुख्य राजभाषा अधिकारी/अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी/उप मुख्य राजभाषा अधिकारी की सहायता के लिए राजभाषा से संबंधित निम्नलिखित पूर्णकालिक पद विद्यामान हैं :-

| क्रम सं. | पदनाम | स्वीकृत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी | 01 | 01 |
| 2 | राजभाषा अधिकारी | 04 | 01 |
| 3 | वरिष्ठ अनुवादक | 10 | 03 |
| 4 | कनिष्ठ अनुवादक | 11 | 06 |
| 5 | वरिष्ठ/कनिष्ठ आशुलिपिक | 02 | 02 |
| 6 | लिपिक व टंकक | 05 | 04 |

## 2. कार्य :-

**राजभाषा विभाग के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं :-**

क) **अनुवाद :** इसके अंतर्गत धारा 3(3) के अंतर्गत आनेवाले दस्तावेजों, प्रलेखों एवं सामग्रियों को हिंदी-अंग्रेजी में जारी करना शामिल है।

ख) **प्रशिक्षण :** इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए जिनको हिंदी में प्रवीणता अथवा कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त नहीं हैं, हिंदी प्रशिक्षण की व्यवस्था करके उन्हें राजभाषा में काम करने के लिए सक्षम बनाना है।

ग) **कार्यान्वयन :** इसके अंतर्गत अधिकारियों / कर्मचारियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन देना और हिंदी का प्रचार-प्रसार करना एवं उसकी अभिवृद्धि सुनिश्चित करना शामिल है।

## 3. अनुवाद :-

**धारा 3(3) का अनुपालन:-** धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी प्रलेखों को हिंदी में अनुदित कर अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी किया गया है । वर्ष 2023-24 के दौरान इस क्षेत्रीय रेलवे में धारा 3(3) के अनुपालन की स्थिति इस प्रकार है: -

| कुल जारी किए गए प्रलेख | हिंदी-अंग्रेजी रूप में जारी | द्विभाषी प्रतिशत |
|---|---|---|
| 16654 | 16654 | 100% |

**अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अनुवाद कार्य:-**वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे की स्थायी समिति के अध्ययन दौरा से संबंधित कार्यसूची, विवरणिका आदि के साथ साथ रेलवे बोर्ड से संबंधित भारतीय रेल पत्रिका के लिए आर्टिकल को हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में बनाकर उपलब्ध कराया गया। महाप्रबंधक /दपरे के स्वतंत्रता दिवस संदेश एवं गणतंत्र दिवस संदेशों को द्विभाषी में बनाकर उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न विभागीय प्रश्न-पत्रों को हिंदी-अंग्रेजी में बनाकर उपलब्ध कराया गया।

इस वर्ष के दौरान आयोजित सभी संसदीय समिति की बैठकों की कार्यसूची, विवरणिका आदि तथा विभागीय समारोहों के निमंत्रण-पत्र, बैनर, प्रचार-पत्र आदि को नियमानुसार द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में जारी किया गया है ।

**4. प्रशिक्षण:-**राजभाषा हिंदी में अपना दैनिक कामकाज करने हेतु अधिकारियों / कर्मचारियों को सक्षम बनाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा इस अवधि के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**4.1 हिंदी भाषा, हिंदी टंकण व आशुलिपि प्रशिक्षण :-**दक्षिण पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सहयोग से प्रधान कार्यालय, हुब्बल्लि में एक पूर्णकालिक हिंदी भाषा प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। इसके अलावा मंडलों व कारखानों में प्रबोध, प्रवीण व प्राज्ञ स्तर की कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जाती हैं। दक्षिण पश्चिम रेलवे में कुल 19879 कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान हासिल कर लिया है और 500 टंकक 53 आशुलिपिक क्रमश: हिंदी टंकण और आशुलिपि कार्य करने में सक्षम हो गए हैं।

**4.2 वार्तालाप प्रशिक्षण:-**जनसंपर्क में आनेवाले कर्मचारियों को नियमित तौर पर हिंदी वार्तालाप प्रशिक्षण दिया जाता है।

**4.3 हिंदी कुंजीयन प्रशिक्षण:-**कम्प्यूटर पर हिंदी का अनुप्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से नियमित तौर पर हिंदी कुंजीयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023-24 में 225 कर्मचारियों को हिंदी कुंजीयन में प्रशिक्षण दिया गया है।

## 5. कार्यान्वयन :-

**5.1 राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन:-**राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (राभाकास) की अहम भूमिका होती है । इस प्रकार की समितियों की तिमाही बैठकों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में आ रही बाधाओं व इससे संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाता है तथा कार्यान्वयन संबंधी वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयास किया जाता है। इस अवधि में आयोजित बैठकों का विवरण इस प्रकार है :-

| कार्यालय / कार्यालय | कुल राभाकास | आयोजित कुल बैठकें |
|---|---|---|
| प्रधान कार्यालय | 01 | 04 |
| हुब्बल्लि मंडल | 10 | 40 |
| बेंगलुरु मंडल | 8 | 32 |
| मैसूरू मंडल | 13 | 52 |
| हुब्बल्लि कारखाना | 01 | 04 |
| मैसूरू कारखाना | 01 | 04 |
| निर्माण संगठन, बेंगलुरु छावनी | 01 | 04 |

**5.2 हिंदी में मूल पत्राचार :-**इस अवधि के दौरान, हिंदी में मूल पत्राचार की स्थिति 77% है। अत: गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित 55% का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

| कुल जारी किए गए प्रलेख | हिंदी / द्विभाषी | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 30153 | 23291 | 77% |

**5.3 हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर:-**इस अवधि के दौरान, कुल 2990 हिंदी पत्र प्राप्त किए गए, जिनमें से 2123 पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए गए। शेष 867 पत्रों के उत्तर अपेक्षित नहीं थे, इस प्रकार हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर शत-प्रतिशत हिंदी में ही दिए जा रहे हैं।

**5.4 फॉर्म, आवेदन आदि का द्विभाषीकरण:-**दक्षिण पश्चिम रेलवे के अधिकतर अधिकारी अपना दौरा कार्यक्रम, यात्रा भत्ता, बिल, पास/पीटीओ, आवेदन, छुट्टी नकदीकरण, आवेदन व छुट्टी आवेदन आदि द्विभाषी प्रपत्र का प्रयोग करते हुए हिंदी में भी प्रस्तुत करते हैं ।

**5.5 हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय:-**अधिकारियों/कर्मचारियों में हिंदी के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने की दृष्टि से प्रधान कार्यालय / मंडलों / कारखानों पर कुल 26 हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय हैं, जिनमें विभिन्न विधाओं की लगभग 36455 पुस्तकें उपलब्ध हैं, इन सभी पुस्तकालयों / वाचनालयों में अल्मारियों और फर्नीचरों आदि की व्यवस्था की गई है और पुस्तकों की रख-रखाव भी सुचारु रूप से की जाती है। इस वर्ष के दौरान कर्मचारियों की रूचि को ध्यान में रखते हुए अधिकाधिक हिंदी पत्र-पत्रिकाएं भी खरीदी गई हैं ।

**5.6 हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन:-**हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए इस वर्ष के दौरान प्रधान कार्यालय, मंडलों एवं कारखानों के द्वारा निम्नलिखित त्रैमासिक हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया है: -

| **क्रम सं.** | **कार्यालय का नाम** | **प्रकाशित पत्रिका का नाम** |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान कार्यालय | अभिव्यक्ति |
| 2. | हुब्बल्लि मंडल | प्रतिबिंब |
| 3. | बेंगलुरु मंडल | दीपशिखा |
| 4. | मैसूरू मंडल | रोशनी |
| 5. | हुब्बल्लि कारखाना | सुरभि |
| 6. | मैसूरू कारखाना | कावेरी |
| 7. | निर्माण संगठन, बेंगलुरु छावनी | निर्माण ज्योति |

**5.7 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन:-**हिंदी में दैनिक कामकाज करने में अधिकारियों / कर्मचारियों को हो रही झिझक दूर करने के लिए तथा उन्हें राजभाषा में काम करने के लिए सहयोग हेतु सितबंर तिमाही, 2024 के दौरान प्रधान कार्यालय सहित मंडलों /कारखानो/निर्माण संगठन में कुल 10 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया तथा इनमें कुल 244 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ।

| कार्यालय | तिथि | संख्या | प्रशिक्षण की अवधि (घंटों में) | प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या | प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या | कुल सं. | गत तिमाही में आयोजित कार्यशालाओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रधान कार्यालय | दिनांक 19.08.2024 से 10.09.2024 तक राजभाषा विभाग/ प्रधान कार्यालय/दपरे द्वारा प्रधान कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों को ई-ऑफिस में हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण देने के लिए चरण दर चरण एक लघु कार्यशाला चलाई गई. | | | | | | |
| हुब्बल्लि मंडल | 19.09.2024 | 01 | 06 | 0 | 33 | 33 | 4 |
| बेंगलूरु मंडल | 21.09.2024 | 01 | 06 | 0 | 20 | 20 | 1 |
| मैसूरु मंडल | 11.09.2024<br>12.07.2024<br>23.09.2024<br>26.09.2024 | 04 | 24 | 0 | 74 | 74 | 4 |
| हुब्बल्लि कारखाना | 24.09.2024 | 01 | 06 | 1 | 52 | 53 | 1 |
| मैसूरु कारखाना | 24.09.2024 | 01 | 06 | 05 | 38 | 43 | 1 |
| बेंगलूरु छावनी | 16.07.2024<br>21.08.2024 | 02 | 02 | 11 | 10 | 21 | 2 |
| **कुल** | | **10** | **50** | **17** | **227** | **244** | **14** |

**5.8 तकनीकी संगोष्ठी:-**तकनीकी विषयों पर राजभाषा में तकनीकी संगोष्ठी देने से संबंधित रेलवे बोर्ड के आदेशों के अनुपालन के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे में 13 तकनीकी संगोष्ठी आयोजित की गई।

**5.9 हिंदी दिवस / सप्ताह / पखवाड़ा का आयोजन :-**

दक्षिण पश्चिम रेलवे के अंतर्गत आने वाले मंडलों/कारखानो एवं निर्माण संगठन द्वारा हिंदी पखवाड़ा 2024 का विधिवत आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रधान कार्यालय, दक्षिण पश्चिम रेलवे (रेल सौधा) हुब्बल्लि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 17 सितंबर 2024 से 26 सितंबर 2024 तक हिंदी सप्ताह -2024 का आयोजन किया गया। दिनांक 17 सितंबर 2024 को श्री अरविन्द श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/दपरे ने अपने कर कमलों से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित की और हिंदी सप्ताह-2024 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्षों /विभागाध्यक्षों/ अधिकारियों की उपस्थित रही। उपस्थित सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रचार-प्रसार संबंधित निदेश मुद्रित मेमेंटो स्मृति भेंट स्वरुप प्रदान किया गया।

हिंदी सप्ताह - 2024 के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निम्नवत् थे:-

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 17.09.2024 | • महाप्रबंधक द्वारा हिंदी सप्ताह-2024 का उद्घाटन एवं माननीय रेलमंत्री का हिंदी दिवस संदेश वाचन<br>• मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा माननीय गृह मंत्री का हिंदी दिवस संदेश वाचन<br>• अधिकारियों के लिए रेलवे एवं राजभाषा विषयाधारित प्रश्नोत्तरी एवं हिंदी-अंग्रेजी शब्दावली प्रतियोगिता |
| 18.09.2024 | कविता पाठ एवं गीतगायन प्रतियोगिता |
| 19.09.2024 | हिंदी-अंग्रेजी शब्दावली प्रतियोगिता |
| 20.09.2024 | कहानी लेखन प्रतियोगिता |
| 23.09.2024 | रेलवे एवं राजभाषा विषयाधारित प्रश्नोत्तरी एवं हिंदी-अंग्रेजी शब्दावली प्रतियोगिता |
| 24.09.2024 | हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता |
| 25.09.2024 | उपसर्ग – प्रत्यय प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषियों के लिए) |
| 26.09.2024 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता |

हिंदी सप्ताह -2024 का समापन समारोह दिनांक 04 नवंबर 2024 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान किया गया और इस दौरान आयोजित हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार के साथ साथ राजभाषा के प्रचार-प्रसार संबंधित निदेश मुद्रित मेमेंटो स्मृति भेंट स्वरुप प्रदान किया गया ।

| | |
|---|---|
|  |  |
| हिंदी सप्ताह -2024 का शुभारंभ | महाप्रबंधक महोदय एवं प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित निदेश मुद्रित मेमेंटो स्मृति का विमोचन |

**5.10 दक्षिण पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित स्टेशनों पर सुप्रसिद्ध साहित्यकारों की जयंती का आयोजन किया गया-**

| क्र सं. | दिनांक | स्टेशन | साहित्यकार का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 07.11.2023 | हुब्बल्लि कारखाना | कन्नड़ कवि कुवेंपु जयंती |
| 2. | 27.11.2023 | मैसूरू मंडल कार्यालय | डॉ हरिवंश राय बच्चन जयंती |
| 3. | 27.11.2023 | मैसूरू कारखाना | हरिवंशराय बच्चन जयंती |
| 4. | 14.02.2024 | मैसूरू मंडल कार्यालय | सूर्कांत त्रिपाठी निराला जयंती |
| 5. | 23.02.2024 | विजयपुर स्टेशन | सूर्कांत त्रिपाठी निराला |
| 6. | 26.03.2024 | मैसूरू मंडल कार्यालय | महादेवी वर्मा जयंती |
| 7. | 26.03.2024 | प्रधान कार्यालय | महादेवी वर्मा जयंती |
| 8. | 06.05.2024 | मैसूरू स्टेशन | सुमित्रानंदन पंत जयंती |
| 9. | 16.05.2024 | बेंगलुरु मंडल | महाबीर प्रसाद द्विवेदी |
| 10. | 17.05.2024 | अरसीकेरे स्टेशन | मैथिलीशरण गुप्त जयंती |
| 11. | 20.05.2024 | बेंगलुरु मंडल | सुमित्रानंदन पंत जयंती |
| 12. | 21.05.2024 | निर्माण संगठन, बेंगलुरु छावनी | सुमित्रानंदन पंत जयंती |
| 13. | 12.07.2024 | मंडल कार्यालय | रहीम एवं कबीर दास जयंती |
| 14. | 25.07.2024 | हुब्बल्लि स्टेशन | तुलसीदास जयंती |
| 15. | 27.11.2024 | शिवमोगा स्टेशन | प्रेमचंद जयंती |
| 16. | 31.07.2024 | विजयपुर स्टेशन | मुशी प्रेमचंद जी जयंती |
| 17. | 03.08.2024 | मंडल कार्यालय, बेंगलुरु | मैथिलीशरण गुप्त जयंती |

**5.11 दक्षिण पश्चिम रेलवे पर आयोजित हिंदी संगोष्ठी की तिथि और विषय:-**

| क्र सं. | दिनांक | स्टेशन | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | 10.11.2023 | विजयपुर स्टेशन | शीतकालीन पूर्वोपाय |
| 2. | 07.11.2023 | हुब्बल्लि कारखाना | कारखाना में सुरक्षा |
| 3. | 08.12.2023 | निर्माण संगठन, बेंगलुरु छावनी | कन्नड साहित्य का इतिहास |
| 4. | 05.01.2024 | मैसूरू कारखाना | एलएचबी कोच में एअर ब्रेक प्रणाली |
| 5. | 13.01.2024 | हुब्बल्लि कारखाना | गुणवता एवं सुरक्षा के संबंध में प्रबंधन |
| 6. | 13.02.2024 | हुब्बल्लि कारखाना | गुणवता प्रबंधन |
| 7. | 19.02.2024 | कृष्णराजपुरम | विविध लोकोमोटिव |
| 8. | 05.03.2024 | हुब्बल्लि कारखाना | राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के संबंध में तकनीकी संगोष्ठी |
| 9. | 02.05.2024 | हुब्बल्लि कारखाना | विद्युत सुरक्षा विषय |
| 10. | 21.05.2024 | मैसूरू कारखाना | कार्मिक शाखा में हिंदी संगोष्ठी |
| 11. | 09.07.2024 | बंगारपेट स्टेशन | गेटमैन के कर्तव्य |
| 12. | 29.07.2024 | गदग स्टेशन | डेंगू जागरुकता |
| 13. | 22.07.2024 | प्रधान कार्यालय | विद्युत के आघात से बचने के उपाय |

**5.12 स्टेशन संचालन व फाटक संचालन नियम:-**

दक्षिण पश्चिम रेलवे में स्थित 296 रेलवे स्टेशनों के स्टेशन संचालन नियमों को हिंदी अंग्रेजी में अनुवाद कर द्विभाषीय में उपलब्ध किया गया है तथा ज़ोन के सभी फाटकों के फाटक संचालन नियमों को भी द्विभाषीय में अनुवाद कर संबंधित विभागों में उपलब्ध किया गया है।

**5.13 क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगितांओं का आयोजन:-**

दिनांक 07 जुलाई 2024 को राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय में क्षेत्रीय स्तर पर अखिल रेल निबंध, वाक् तथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**5.14 हुब्बल्लि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन**:-राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित हुब्बल्लि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का संचालन भी राजभाषा विभाग, दपरे द्वारा किया जाता है। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा महाप्रबंधक/दपरे को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। मुख्य राजभाषा अधिकारी/दपरे इस समिति के उपाध्यक्ष एवं राजभाषा अधिकारी/प्रधान कार्यालय इस समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करते हैं। इस समिति की छमाही बैठक दिनांक 12.12.2023 और 13.06.2024 को आयोजित की गई। इस बैठक में हुब्बल्लि स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों, निगमों आदि के कार्यालय अध्यक्ष/प्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त बैठक के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए कई ठोस निर्णय लिए गए।

**6. राजभाषा संबंधी निरीक्षण:-** दक्षिण पश्चिम रेलवे के गठन के काल से ही राजभाषा विभाग, केंद्र सरकार की राजभाषा नीति के सुचारु कार्यान्वयन की दिशा में सक्रिय रहा है। राजभाषा संवर्ग के अधिकारी नियमित रूप से स्टेशनों तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण करते हैं और इस संबंध में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित सलाह देते हैं। इसके अलावा रेलवे बोर्ड के स्थायी आदेशानुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे के अन्य अधिकारी भी अपने सामान्य विभागीय निरीक्षणों के दौरान राजभाषा की प्रगति का भी निरीक्षण करते हैं।

**7. कौड मैनुअल अनुवाद संबंधी:-**

| क्र.सं.<br>Sl. No. | कौड मैनुअल का नाम/ Name of the Code-Manual | वोल्युलम<br>Volume |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय रेलवे स्थापना कोड मैनुअल<br>Indian Railway Establishment Code Manual | प्रथम एवं<br>द्वित्तीय I &II |
| 2. | भारतीय रेलवे स्थापना मैनुअल/ Indian Railway Establishment Manual | प्रथम एवं<br>द्वित्तीय I&II |
| 3. | भारतीय रेलवे सुरक्षा स्थापना मैनुअल<br>Indian Railway Security Establishment Manual | |
| 4. | भारतीय रेलवे अपराध मैनुअल/ Indian Railway Crime Manual | |
| 5. | भारतीय रेलवे आरपीएफ प्रशिक्षण मैनुअल<br>Indian Railway RPF Training Manual | |
| 6. | भारतीय रेलवे आरपीएफ डॉग स्क्वाड मैनुअल<br>Indian Railway RPF Dog's Squad Manual | |
| 7. | भारतीय रेलवे सतर्कता स्थापना मैनुअल -2006<br>Indian Railway Vigilance Establishment Manual-2006 | |
| 8. | भारतीय रेलवे सतर्कता स्थापना मैनुअल -2018<br>Indian Railway Vigilance Establishment Manual-2018 | |
| 9. | भारतीय रेल दुर्घटना मैनुअल/ Indian Railway Accident Manual | |
| 10. | भारतीय रेलवे ब्लॉक वर्किंग मैनुअल/ Indian Railway Block Working Manual | |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | भारतीय रेलवे वाणिज्य मैनुअल/Indian Railway Commercial Manual | |
| 12. | भारतीय रेलवे लेखा कौड मैनुअल/ Indian Railway Accounts Code | |
| 13. | भारतीय रेलवे वित्त कौड मैनुअल/ Indian Railway Finance Code | |
| 14. | टीआईए मैनुअल/ TIA Manual | |
| 15. | स्टॉक सत्यापनकर्ता मैनुअल /Stock Verifier Manual | |
| 16. | भारतीय रेलवे परिचालन मैनुअल/ Indian Railway Operating Manual | |
| 17. | भारतीय रेलवे स्टोर कौड I और II/ Indian Railway Stores Code I & II | |
| 18. | भारतीय रेलवे सिगनल इंजीनियरिंग मैनुअल I और II<br>Indian Railway Signal Engineering Manual I&II | |
| 19. | भारतीय रेलवे दूरसंचार मैनुअल/ Indian Railway Telecom Manual | |
| 20. | भारतीय रेलवे पी.वे मैनुअल/ Indian Railway P.way Manual | प्रथम/ I |
| 21. | भारतीय रेलवे संकर्म मैनुअल/ Indian Railway Works Manual | |
| 22. | भारतीय रेलवे ब्रिज मैनुअल/ Indian Railway Bridge Manual | |
| 23. | भारतीय रेलवे ट्रैक मशीन मैनुअल/ Indian Railway Track Machine Manual | |
| 24. | इंजीनियरिंग के लिए भारतीय रेलवे कौड मैनुअल<br>Indian Railway Code for Engineering Manual | |

**<<<>>**